web: www.nyaysakshi.com ‖ पृष्ठ-2 में पढ़ें संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-खाना खजाना-राशिफल ‖ पृष्ठ-3 में पढ़ें छत्तीसगढ़-प्रादेशिक

दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**
आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 ‖ Postal Registration No-055/Raigarh DN CG ‖ रायगढ़, बुधवार 15 अप्रैल 2020 ‖ पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए ‖ वर्ष-02, अंक- 195

# देश में 10,815 लोग कोरोना संक्रमित, 353 लोगों की मौत

» पिछले 24 घंटे में अब तक सर्वाधिक 1463 नए मामले आए

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** देश में कोरोना वायरस के बढ़ते मामलों को लेकर स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय और आईसीएमआर ने मंगलवार को संयुक्त संवाददाता सम्मेलन करते हुए बताया कि देश में पिछले 24 घंटे में कोरोना के 1463 नए मामले सामने आए हैं और 29 लोगों की मौत हुई है। अब तक देश में देश में कुल 10,815 लोग संक्रमित हो चुके हैं और 353 लोगों की मौत हुई है।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय में संयुक्त सचिव लव अग्रवाल ने कहा कि इस खतरनाक वायरस से अब तक 1190 लोग ठीक हो चुके हैं। उन्होंने बताया कि कल 179 लोग इलाज के बाद ठीक हुए और उन्हें अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। सचिव ने बताया कि अब तक इस वायरस से देश में कुल 10,815 लोग संक्रमित हो चुके हैं



और 353 लोगों की मौत हुई है। अग्रवाल ने देश में संक्रमण की चेन को लेकर बताया कि यदि किसी विशिष्ट जगह पर 28 दिनों तक कोविड-19 का कोई मामला रिपोर्ट नहीं किया जाता है, तो हम कह सकते हैं कि हम वायरस के ट्रांसमिशन (फैलने) की श्रृंखला को तोड़ने में सक्षम हैं।

**डब्ल्यूएचओ ने भारत में स्थिति को संतोषजनक बताया–** अग्रवाल ने वैश्विक स्तर पर इस महामारी के प्रकोप को देखते हुए, विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के आंकड़ों के हवाले से भारत में स्थिति को संतोषजनक बताया। उन्होंने कहा कि डब्ल्यूएचओ के आंकड़ों के अनुसार पिछले 24 घंटों में पूरे विश्व में कोरोना संक्रमण के कुल 76,498 मामले सामने आए और 5702 संक्रमित मरीजों की मौत हुई।

**देश में कोरोना समर्पित 602 अस्पताल –** संयुक्त सचिव ने बताया कि देश में कोरोना वायरस से लड़ने के लिए जमकर प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि कोविड-19 के लिए समर्पित 602 अस्पतालों में 1,06,719 आईसोलेशन बेड और आईसीयू बेड तैयार हैं।

**कुछ शहरों को मूल्यांकन के बाद छूट दी जाएगी–** अग्रवाल ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तीन मई तक लॉकडाउन की अवधि को बढ़ाने की घोषणा की है। इस दौरान लॉकडाउन के मानकों के पालन को सुनिश्चित करने के लिए प्रत्येक शहर के प्रयासों का 20 अप्रैल तक मूल्यांकन किया जाएगा। इसके आधार पर बेहतर काम करने वाले शहरों को लॉकडाउन से आंशिक छूट दी जाएगी। अग्रवाल ने स्पष्ट किया कि सशर्त छूट मिलने के बाद अगर उस शहर में शर्तों के पालन में कोई लापरवाही पाई गई तो छूट वापस भी ली जा सकेगी। अग्रवाल ने कहा कि शहरों के मूल्यांकन की क्या पद्धति होगी, इसे मंत्रालय द्वारा जल्द सार्वजनिक किया जाएगा।

**छह सप्ताह तक चलने लायक किट मौजूद–** भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) की तरफ से आर गंगाखेडकर ने कहा कि हमने कल बताया था कि हमारे पास छह सप्ताह तक चलने लायक किट मौजूद हैं। उन्होंने बताया कि हमें आरटी-पीसीआर किट की एक और किस्त मिली है, इस प्रकार हमारे पास पर्याप्त किट है। इसका अनिवार्य रूप से मतलब होगा कि हम लंबे समय तक जांच करने में सक्षम होंगे।

**कोरोना के 2,31,902 नमूनों की जांच –** गंगाखेडकर ने बताया कि इसके अतिरिक्त आरटी-पीसीआर किट (रिवर्स ट्रांसक्रिप्शन-पॉलीमरेज चेन रिएक्शन) के लिए लगभग 33 लाख किट का ऑर्डर दिया जा रहा हैं और 37 लाख रैपिड किट के किसी भी समय आने की उम्मीद है। उन्होंने बताया कि देश में कोरोना वायरस संक्रमण के लिए अभी तक 2,31,902 नमूनों की जांच की गई है। इनमें सोमवार से अब तक 21635 नमूनों की जांच भी शामिल है। इनमें 18644 नमूनों का परीक्षण सरकारी प्रयोगशालाओं में और 2991 परीक्षण निजी प्रयोगशालाओं में किए गए।

**32 करोड़ गरीबों को 29,352 करोड़ रुपये का नकद –** संवाददाता सम्मेलन में वित्त मंत्रालय की तरफ से राजेश मल्होत्रा ने बताया कि प्रधानमंत्री गरीब कल्याण पैकेज को तेजी से लागू करने के लिए उच्चतम स्तर पर निगरानी की जा रही है। उन्होंने बताया कि कल तक, 32 करोड़ से अधिक गरीबों को पैकेज के तहत 29,352 करोड़ रुपये का नकद समर्थन दिया गया है।

**5.29 करोड़ लाभार्थियों को मुफ्त राशन दिया गया–** मल्होत्रा ने बताया कि प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत 5.29 करोड़ लाभार्थियों को खाद्यान्न के रूप में मुफ्त राशन दिया गया है। साथ ही वितरण के लिए 3,985 मीट्रिक टन दलहन विभिन्न राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में भेजा गया है।

**तीन महीने तक 80 करोड़ लोगों को मुफ्त अनाज दिया जाएगा–** संवाददाता सम्मेलन में गृह मंत्रालय की संयुक्त सचिव पुण्य सलिला श्रीवास्तव ने बताया कि देश में लॉकडाउन बढ़ने पर भी लोगों को परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### लॉकडाउन के दौरान मखौल उड़ाने के चक्कर में 3358 गिरफ्तार

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** लॉकडाउन का मजाक उड़ाना दिल्ली वालों को मंहगा पड़ रहा है। सोमवार को ऐसे 3358 लोगों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही की गयी। इन सभी को दिल्ली पुलिस अधिनियम 65 के तहत गिरफ्तार किया गया। उसके बाद कानूनी कार्यवाही करके रिहा कर दिया गया। इसी तरह सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी में अलग अलग स्थानो पर दिल्ली पुलिस ने 322 वाहनों को भी जब्त कर लिया। जबकि मास्क न लगाने के जुर्म में 161 लोगों के खिलाफ कार्यवाही की गयी। इसी तरह सोमवार को दिल्ली पुलिस ने 544 लोगों को मूवमेंट पास भी जारी किये।

### साउथ अमेरिका में तूफान से 30 से अधिक की मौत

**वॉशिंगटन।** दक्षिणी अमेरिका के राज्यों में भयंकर तूफान के आने के चलते 30 से अधिक लोगों की मौत हो गई है। प्रशासन की ओर से यह जानकारी दी गई है। सिन्हुआ समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के मुताबिक, तूफान से प्रभावित क्षेत्रों में टेक्सास, आर्कन्सा, लूइसियाना, मिसिसिपी, अलाबामा, जॉर्जिया, दक्षिणी व उत्तरी कैरोलिना और टेनेसी शामिल है। मिसिसिपी आपातकालीन प्रबंधन एजेंसी ने सोमवार को कहा कि यहां कम से कम 11 लोग मारे गए हैं, जबकि दक्षिणी कैरोलिना में मरने वालों की संख्या नौ और जॉर्जिया में सात है। इसके अलावा, उत्तरी कैरोलिना, टेनेसी और आर्कान्स में कम से कम एक-एक की मौत होने की पुष्टि हुई है। पावरआउटेज डॉट यूएस के मुताबिक, दस लाख से अधिक घरों व व्यवसायिक प्रतिष्ठानों में बिजली गुल हो गई है। इस तूफान से जान-माल को खूब नुकसान पहुंचा है।

### पाक सीमाएं दो और सप्ताह तक बंद रहेंगी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में नोवेल कोरोनावायरस के मामलों की संख्या में वृद्धि को देखते हुए देश की सीमाएं दो और सप्ताह तक बंद रहेंगी। आतंरिक मंत्रालय ने इस बात की घोषणा की है। मंत्रालय की ओर से किए गए एक ट्वीट के हवाले से द एक्सप्रेस ट्रिब्यून ने लिखा, राष्ट्रीय समन्वय समिति के निर्णयानुसार मंत्रालय ऐलान कर रहा है कि सभी सीमाएं दो और सप्ताह तक बंद रहेंगी। इसमें आगे कहा गया, कोरोना के प्रसार को रोकने के लिए सीमाओं को बंद रखने का निर्णय लिया गया है। मंत्रालय की तीन अलग-अलग अधिसूचनाओं के अनुसार, पश्चिमी सीमा भारत/करतारपुर सीमा और बाघा बॉर्डर एक पखवाड़े तक बंद रहेंगी।

### कोरोना के विश्व में 19 लाख से अधिक मामले

**वॉशिंगटन।** कोरोना वायरस संक्रमण का वैश्विक आंकड़ा बढ़कर 19 लाख के पार पहुंच गया। अमेरिका की जॉन्स हॉपकिन्स यूनिवर्सिटी ने मंगलवार को इस बात की जानकारी दी। जॉन्स हॉपकिन्स यूनिवर्सिटी के सेंटर फॉर सिस्टम साइंस एंड इंजीनियरिंग (सीएसएसई) ने नवीनतम आंकड़े जारी कर कहा कि मंगलवार सुबह तक वैश्विक रूप से महामारी से संक्रमित हुए लोगों का कुल आंकड़ा 19 लाख 20 हजार 618 था, जबकि एक लाख 19 हजार 686 लोगों की महामारी के चलते मौत हो गई है।

## उपभोक्ता मंत्रालय अधिकारियों-कर्मचारियों की अनुपस्थिति से परेशान

» मेमोरेंडम के जरिए दी बर्खास्तगी की धमकी

» 20 अप्रैल तक स्थिति स्पष्ट करने का दिया आदेश

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** कोरोना संकट के बीच कर्मचारियों-अधिकारियों की अनुपस्थिति से परेशान उपभोक्ता मंत्रालय ने बेहद कड़ा रुख अपनाया है। मंत्रालय ने ऐसे कर्मचारियों-अधिकारियों को 20 अप्रैल तक अपनी स्थिति स्पष्ट करने का निर्देश देते हुए बर्खास्त करने की धमकी दी है। दरअसल कोरोना संकट के दौरान इस मंत्रालय के पास देश भर में खाद्यान्न पहुंचाने की सबसे अहम जिम्मेदारी है।

Ministry of Consumer Affairs, Food and Public Distribution
Government of India


सोमवार को जारी ऑफिस मेमोरेंडम में कहा गया है कि वैसे सभी अधिकारी-कर्मचारी जो विभाग के साथ काम करने में अनिच्छुक हैं, 20 अप्रैल तक इसी इसकी जानकारी दें। जिससे उन्हें कार्यमुक्त करने का कदम उठाया जा सके। दरअसल राष्ट्रव्यापी लॉकडाउन के बाद से ही उपभोक्ता मंत्रालय से जुड़े विभागों के कई कर्मचारी और अधिकारी अनुपस्थित हैं। इनमें से कई नियमित रूप से दफ्तर नहीं आ रहे। ऐसे अधिकारियों-कर्मचारियों को फोन के माध्यम से विभाग में आने के लिए भी कहा गया था। स्थिति में बदलाव नहीं आता देख कर अंत में मेमोरेंडम जारी कर बर्खास्तगी की चेतावनी जारी की गई। सूत्रों का कहना है कि लॉकडाउन के दौरान स्वास्थ्य मंत्रालय के बाद सबसे अहम जिम्मेदारी उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय की है। इसी मंत्रालय के जिम्मे खाद्यान्न की उपलब्धता सुनिश्चित करने की है। कर्मचारियों-अधिकारियों की अनुपस्थिति के कारण इस कार्य में बाधा आ रही थी।

## कोरोना पर नई गाइड लाइन और पैकेज पर होगा मंथन

» कैबिनेट की अहम बैठक आज

» 20 अप्रैल तक की तैयारियों का पीएम लेंगे जायजा

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** कोरोना से निपटने के लिए लॉकडाउन की मियाद बढ़ाने संबंधी फैसले के एक दिन बाद केंद्रीय मंत्रिमंडल की अहम बैठक बुधवार को होगी। इस बैठक में कोरोना से संबंधित नई गाइड लाइन पर मुहर लगने के साथ उद्योग क्षेत्र के लिए राहत पैकेज पर मंथन की संभावना जताई जा रही है। इसी बैठक में 20 अप्रैल तक कोरोना को थामने के लिए उठाए जाने वाले कड़े कदमों पर भी चर्चा होगी।



गौरतलब है कि पीएम मोदी ने मंगलवार को 20 अप्रैल के बाद कुछ कड़े शर्तों के साथ कुछ इलाकों में लॉकडाउन के दौरान थोड़ी छूट देने की घोषणा की है। किन इलाकों को छूट मिलेगी इसके लिए उन्होंने बुधवार को सरकार की ओर से गाइडलाइन जारी करने की बात कही है। अब बुधवार की बैठक में इसी गाइडलाइन को अंतिम रूप दिया जाएगा।

सूत्रों का कहना है कि सरकार बीते एक हफ्ते से उद्योग क्षेत्र को राहत देने के लिए पैकेज जारी करने पर मंथन कर रही है। लॉकडाउन के बाद सरकार ने फिलहाल इस क्षेत्र को कोई राहत नहीं दी है। जबकि कोरोना का सबसे प्रतिकूल असर भी इसी क्षेत्र पर पड़ा है। ऐसे में संभावना जताई जा रही है कि मंत्रिमंडल की बैठक में उद्योग जगह के लिए राहत पैकेज की घोषणा हो सकती है।

**अगले एक हफ्ते की तैयारी–** बैठक में अगले एक हफ्ते की तैयारियों पर भी गहन मंथन होगा। दरअसल देश में कोरोना संक्रमित लोगों की संख्या दस हजार से ज्यादा हो गई है। बीते दो दिनों से प्रतिदिन एक हजार से अधिक लोग कोरोना वायरस से संक्रमित हो रहे हैं। दुनिया के कई देशों में संक्रमित होने वालों की संख्या दस हजार पहुंचने के बाद स्थिति भयावह हुई है। ऐसे में सरकार संक्रमण की संख्या घटाने के लिए कुछ कड़े निर्णय लेगी। निर्णय किस तरह का हो, इसका प्रस्ताव गृह मंत्रालयऔर स्वास्थ्य मंत्रालय ने तैयार किया है।

**मंत्रालयों के सुझावों पर निर्णय–** पीएम ने बीते हफ्ते सभी मंत्रियों को लॉकडाउन के दौरान आर्थिक गतिविधियों में रफ्तार देने और जनजीवन को सामान्य बनाने के लिए दस-दस सुझाव मांगे थे। पीएम के निर्देश के बाद सभी मंत्रालयों ने सुझावों की सूची पीएमओ को दे दी थी।

## लॉकडाउन के चलते तीन मई तक देश पर लगा रहेगा ताला

» पीएम मोदी ने कोरोना पर विजय पाने का दिये सात मंत्र

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** देश-दुनिया पर छाए कोरोना वायरस संकट के मद्देनजर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को तीसरी बार देशवासियों को संबोधित किया। उन्होंने आज खत्म होने जा रहे लॉकडाउन को 3 मई तक बढ़ाने का ऐलान किया है। इसके साथ ही उन्होंने देशवासियों के साथ सप्तपदी विजय सूत्र साझा करते हुए उनसे 7 बातों में साथ भी मांगा है। पिछली बार उन्होंने 24 मार्च को अपने संबोधन में 21 दिनों के देशव्यापी लॉकडाउन का ऐलान किया था। उससे पहले 19 मार्च को प्रधानमंत्री ने देश को संबोधित करते हुए 22 मार्च को एक दिन के जनता कर्फ्यू का ऐलान किया था।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्र के नाम अपने संदेश में कहा कि कोरोना वायरस की वैश्विक महामारी के खिलाफ भारत की लड़ाई बहुत ही मजबूती के साथ आगे बढ़ रही है। आपके त्याग की वजह से ही भारत अब तक कोरोना से होने वाले नुकसान को काफी हद तक टालने में सफल रहा। आप लोगों ने कष्ट सहकर भी अपने देश को बचाया है। हमारे इस भारत वर्ष को बचाया है। वह जानते हैं कि आपको कितनी दिक्कतें आई हैं। किसी को खाने की परेशानी, किसी को आने-जाने की परेशानी। कोई घर-परिवार से दूर है लेकिन आप देश की खातिर एक अनुशासित सिपाही की तरह अपने कर्तव्य निभा रहे हैं।



**बाबा साहेब को नमन–** इस मौके पर उन्होंने कहा कि हमारे संविधान में जिस वी द पीपल ऑफ इंडिया की शक्ति की बात कही गई है, यही तो है वो। बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव आंबेडकर जी की जन्म जयंती पर हम भारत के लोगों की तरफ से अपनी सामूहिक शक्ति का प्रदर्शन, यह संकल्प बाबा साहेब को सच्ची श्रद्धांजलि है। बाबा साहब का जीवन हमें हर चुनौती को अपनी संकल्प शक्ति और परिश्रम के बलबूते पर पार करने की निरंतर प्रेरणा देता है। वह सभी देशवासियों की तरफ से बाबा साहब को नमन करते हैं।

## पीएम मोदी ने बदली ट्विटर-फेसबुक पर प्रोफाइल पिक

» गमछे को बनाया मास्क

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** कोरोना वायरस के बढ़ते प्रकोप के बीच देश में लॉकडाउन की अवधि को 3 मई तक बढ़ा दिया गया है। कोरोना वायरस संकट पर देश के नाम संबोधन में 3 मई तक लॉकडाउन का ऐलान करने के तुरंत बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ट्विटर और फेसबुक पर अपनी प्रोफाइल पिक्चर चेंज की, जिसमें उन्होंने गमछे से बने मास्क वाली तस्वीर लगाई है। तस्वीर देखने से पता चलता है कि देश के नाम संबोधन के वक्त खींची गई यह तस्वीर है।

## प्रधानमंत्री ने देशभर में विभिन्न त्यौहारों के अवसर पर बधाई दी

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशभर में विभिन्न त्यौहारों के अवसर पर लोगों को शुभकामनाएं दी हैं। कई ट्वीट करते हुए उन्होंने कहा, देशभर में विभिन्न त्यौहारों के अवसर पर लोगों को शुभकामनाएं। मैं इन त्यौहारों के माध्यम से देश में बंधुत्व की भावना के और मजबूत होने तथा सबके लिए खुशहाली और उत्तम स्वास्थ्य की कामना करता हूं। आने वाले समय में ये हमें सामूहिक रूप से कोविड-19 के खतरे से निपटने में नई शक्ति प्रदान करें। शुभो-नबो-बरसो! पोइला बोइशाख पर बधाई! नया वर्ष आप सबों के जीवन में शांति, समृद्धि और खुशी लेकर आए।

सभी को विशु की बधाई! नया साल नई आशा और नई ऊर्जा लाता है। आने वाला साल सभी के लिए उत्तम स्वास्थ्य और खुशहाली लेकर आए। पुथंडू की सभी को शुभकामनाएं। सबके लिए खुशी और उत्तम स्वास्थ्य से भरे वर्ष की कामना करता हूं। बोहाग बिहू के शुभ अवसर पर शुभकामनाएं। उन्होंने ट्वीटों की एक श्रृंखला के माध्यम से देशवासियों को विभिन्न त्यौहारों के शुभ अवसर पर शुभकामना संदेश दिया।

## कोरोना से मरने वाले लोगों में हर दूसरा व्यक्ति महाराष्ट्र का

» उद्धव सरकार की बढ़ी चिंता

**मुम्बई (आरएनएस)।** कोरोना वायरस के मामले देश में लगातार बढ रहे हैं। इसमें सबसे ज्यादा महाराष्ट्र में बढते जा रहे हैं। भारत में कोरोना पॉजिटिव मामलों की संख्या 10 हजार से ज्यादा हो गई है जबकि 339 मरीजों ने दम तोड दिया है। देश में कोरोना का संक्रमण सबसे ज्यादा महाराष्ट्र में फैल गया है। महाराष्ट्र में कोरोना के केस बढ़कर 2334 हो गए हैं और मरने वाले लोगों का आंकड़ा 160 तक छू गया है, जिनमें से 101 की मौत सिर्फ मुंबई में हुई है।

मुंबई में 1540 कोरोना वायरस के मरीज हैं। सोमवार को



महाराष्ट्र में कुल 352 मामले सामने आए हैं, जिनमें से 242 नए केस मुंबई से ही हैं। वहीं, सोमवार को कोरोना संक्रमण के चलते प्रदेश में 11 लोगों की मौत गई है, जिनमें 9 लोग मुंबई से हैं। इस तरह से देखा जाए तो देश में कोरोना से मरने वाला हर दूसरा शख्स महाराष्ट्र से है और हर तीसरा शख्स मुंबई से माना जाएगा। मुंबई को चीन के वुहान शहर की तरह कोरोना संक्रमण का हॉटस्पॉट बताया जा रहा है।

कोरोना मरीजों की संख्या मुंबई में बेतहाशा बढ़ रही है और मरीजों की मौत की संख्या भी सर्वाधिक हो रही है। महाराष्ट्र सरकार की मुश्किलें और इसलिए बढ़ रही है क्योंकि यह वायरस धीरे-धीरे झुग्गियों में फैल रहा है।एशिया की सबसे बड़ी झोपड़पट्टी कही जाने वाली धारावी के अलावा अब कोरोना का संक्रमण बांद्रा टर्मिनस से सटे बेहरामपाड़ा और कुर्ला के जरीमरी आदि झुग्गियों तक फैल गया है।

## एकता, अनुशासन और आत्मबल के भाव से देश कोरोना को पराजित करेगा

» पीएम मोदी से पहले सोनिया का राष्ट्र को संदेश

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन से ठीक तीन घंटे पहले कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने देश के नाम अपना एक वीडियो संदेश दिया है। कांग्रेस के ट्विटर हैंडल से शेयर किए गए वीडियो में सोनिया ने कहा कि कोरोना संकट में डॉक्टर्स, सफाईकर्मियों, पुलिस सहित सरकारी अधिकारियों के डटे रहने से बड़ी देशभक्ति और कोई नहीं है। उन्होंने भरोसा जताया कि एकता, अनुशासन और आत्मबल के भाव से देश कोरोना को पराजित कर देगा।



उन्होंने कहा कि आज कोरोना संकट से निपटने में आप सभी के इस लड़ाई में खड़े रहने से बड़ी देशभक्ति और क्या हो सकती है। हम इस मुश्किल समय में आपके परिवारजनों पति, पत्नी, बच्चों, माता-पिता के त्याग और बलिदान को कभी नहीं भूल सकते। सोनिया ने कहा कि जोखिम होने के बावजूद आपके सहयोग और समर्पण से ही आप इस लड़ाई को लड़ पा रहे हैं। इनको धन्यवाद देने के लिए मेरे पास शब्द नहीं है।

सोनिया ने आगे कहा, मेरे प्यारे देशवासियों, हमारे योद्धा व्यक्तिगत सुरक्षा का अभाव होने के बाद भी इस लड़ाई को जीतने में दिन-रात एक किए हुए हैं। हमारे डॉक्टर, स्वास्थ्य कर्मचारी और समाजसेवी संगठन व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरणों की कमी होने के बावजूद इलाज कर रहे हैं। पुलिस और जवान पहरा देकर नियमों का पालन करवा रहे हैं। सफाई कर्मचारी इस मुश्किल समय में भी संसाधनों की कमी के बाद भी संक्रमण को फैलने से रोकने के लिए लगातार सफाई बनाए हुए हैं। सरकारी अफसर 24 घंटे इस वायरस पर नियंत्रण पाने और लोगों तक सुविधाएं पहुंचाने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं लेकिन आपके हमारे सहयोग के बिना इनकी लड़ाई कमजोर पड़ सकती है और हमें ऐसा नहीं होने देना है।

सोनिया ने कहा, कई जगहों पर डॉक्टर्स के साथ गलत व्यवहार की खबरें आई हैं, ये काफी गलत है क्योंकि हमारी सभ्यता और संस्कृति ऐसी नहीं है। हमें इन सबका सम्मान करना चाहिए। आप ही में से कई लोग अपने स्तर पर व्यक्तिगत प्रयास कर रहे हैं। कोई लोगों को खाना खिला रहा है। कोई मास्क बांट रहा है। कोई गरीबों तक सूखा राशन पहुंचा रहा है मतलब हर हिंदुस्तानी कोरोना से इस लड़ाई को जीतने में एकजुट होकर अपनी जिम्मेदारी निभा रहा है। आप सभी लोग धन्यवाद के पात्र हैं। उन्होंने अपने संदेश में कहा कि आज जब देश इतनी बड़ी लड़ाई लड़ रहा है तो कांग्रेस पार्टी का हर एक कार्यकर्ता अपनी जिम्मेदारी समझते हुए आप सभी योद्धाओं की मदद करने के लिए हमेशा तैयार है।